राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने ली समीक्षा बैठक

## कृषि, पशुपालन और सहकारिता से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए

## नई फसलों और फलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेश में कृषि और पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों में नवाचार अपनाते इनसे अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने का आह्वान किया हैं। उन्होंने कृषि और सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी करने के लिए डेयरी से जुड़े उत्पादों में गुणवत्ता वृद्धि के साथ उनकी प्रभावी विपणन रणनीति पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया है।

राज्यपाल श्री बागडे ने गुरुवार को राजभवन में राजस्थान में कृषि, पशुपालन और सहकारिता से जुड़े विभागों के अधिकारियों को बुलाकार उनसे यहां इस क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में प्राकृतिक खेती से जुड़े नए आयामों को अपनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने जैविक खेती और उद्यानिकी के लिए राजस्थान में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को नई नई फसलों और फलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए।

उन्होंने नवाचार अपनाते हुए राजस्थान में कृषि उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीज उत्पादन में गुणवत्ता के साथ दूसरे राज्यों में अपनाई जा रही कृषि की अच्छी और महत्वपूर्ण और किसानों के लिए लाभकारी तकनीक को राजस्थान में भी उपयोग में लिया जाए। इसके लिए उन्होंने अन्य राज्यों की कृषि उत्पादन तकनीक का अध्ययन करते हुए कार्य किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल श्री बागडे ने सहकारिता के अंतर्गत राज्य में दुग्ध उत्पादन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने औसत दुग्ध संकलन, औसत तरल दुग्ध विपणन, पशु आहार उत्पादन, घी की आपूर्ति आदि के बारे में जानकारी लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में इन गतिविधियों से पशुपालकों को अधिकाधिक लाभान्वित किए जाने और नागरिक बैंक की संभावनाओं और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े कार्यों से अधिकाधिक लोगों को जोड़कर कार्य करने की आवश्यकता जताई।

————